# समाज कार्य स्नातक (सामुदायिक नेतृत्त्व) परीक्षा 2015–16
## प्रमाणपत्र स्तर (Certificate Level)
## विषय– विकास की समस्याएँ एवं मुद्दे (Issues and Problems of Development)

समय– 03 घण्टा | पूर्णांक– 80 उत्तीर्णांक – 27

**नोट– प्रश्नपत्र तीन भागों अ,ब,स में विभक्त है। प्रत्येक भाग में दिये गये निर्देशानुसार प्रश्न हल करना है।**

---

### खण्डः–अ

**नोटः–किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न 15 अंक के हैं।** **(3x15=45)**
**(प्रति प्रश्न अधिकतम 300 शब्द)**

**प्रश्न–1** विकास से आप क्या समझते हैं? विकास के विभिन्न आयामों की विवेचना कीजिए।

**प्रश्न–2** विकास के मार्ग में आने वाली विभिन्न चुनौतियों का उल्लेख कीजिए।

**प्रश्न–3** विकास को मापने के विभिन्न पैमानों का आलोचनात्मक समीक्षा कीजिए।

**प्रश्न–4** मध्यप्रदेश में विकास की संभावनाएं एवं चुनौतियों का उल्लेख कीजिए। चुनौतियों से निपटने के लिये किये गये किसी एक सफल उदाहरण को भी बताइये।

**प्रश्न–5** विकास के लिये बनाये जाने वाली सामाजिक अधोसंरचनाओं का मूल्यांकन कीजिए।

### खण्डः–ब

**नोटः–किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक के हैं।** **(4x5=20)**
**(प्रति प्रश्न अधिकतम 100 शब्द)**

**प्रश्न–1** अन्ना हजारे द्वारा ग्रामीण विकास के लिये किये गये प्रयोग की समीक्षा कीजिए।

**प्रश्न–2** राजेन्द्र सिंह को जलपुरूष क्यों कहा जाता है?

**प्रश्न–3** सामाजिक विकास क्या है?

**प्रश्न–4** सतत् विकास की अवधारणा एवं उद्‌भव को स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न–5** सकल राष्ट्रीय खुशहाली सूचकांक को स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न–6** निम्नांकित में से किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए।
(अ) लिंग–विभेद (ब) महिला के प्रति हिंसा
(स) भ्रष्टाचार (द) पर्यावरणीय समस्या

### खण्डः–स

**नोटः–किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक के हैं।** **(5x3=15)**
**(प्रति प्रश्न अधिकतम 30 शब्द)**

**प्रश्न–1** प्रति व्यक्ति आय से आप क्या समझते हैं?

**प्रश्न–2** सकल घरेलू उत्पाद (GDP) और सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP) में अन्तर बताइए।

**प्रश्न–3** क्या विकास के मापन से संबंधित जे.सी. कुमारप्पा की सलाह मानने योग्य है?

**प्रश्न–4** अपने क्षेत्र में पाई जाने वाली किसी पर्यावरणीय समस्या के कारण एवं उससे बचाव के उपाय बताइए।

**प्रश्न–5** स्वयं सहायता समूह विकास की प्रक्रिया में किस प्रकार सहायक हैं?

**प्रश्न–6** स्वच्छ भारत अभियान के किन्हीं दो गतिविधियों को बताइए।

**प्रश्न–7** आदिम जाति के विकास की प्रमुख समस्याएं क्या हैं?